


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 17 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 198 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# महिला आरक्षण पर आर-पार

● यह बिल ओबीसी, दलितों और महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को नजरअंदाज करता है-राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** बजट सत्र का विस्तार करते हुए सरकार ने तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया है, जो गुरुवार (16 अप्रैल, 2026) को शुरू हो गया। इसमें तीन मुख्य विधेयक संविधान (131वां) संशोधन विधेयक, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किए गए। आज लोकसभा में वोटिंग होनी है। सरकार ने कहा है कि इन विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन में तेजी लाना है। मंगलवार (14 अप्रैल, 2026) को केंद्र सरकार ने सांसदों के बीच ड्राफ्ट बिल बांटे। ये बिल महिलाओं के लिए आरक्षण कानून 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को लागू करने और नए सिरे से परिसीमन करने से जुड़े हैं। लोकसभा में अपना भाषण खत्म करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'उनकी पार्टी परिसीमन बिल को हरा देगी।' राहुल गांधी ने कहा, 'भाजपा के मन में एक बड़ा भ्रम है। उन्हें लगता है कि वे ही भारत की जनता हैं, जबकि वे भारत के सशस्त्र बल नहीं हैं। कायरों की तरह भारत की जनता के पीछे मत छिपो। हम भारत की जनता पर हमला नहीं कर रहे हैं।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण बिल का मकसद जाति जनगणना को दरकिनार करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बिल ओबीसी, दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को नजरअंदाज करता है। इस बिल से महिलाओं का कोई लेनादेना नहीं है। ये बिल दलित, पिछड़ों के खिलाफ है। देश के चुनावी नक्शे को बदलने की कोशिश की जा रही है। अपनी ताकत घटने से सरकार डर रही है। सत्ता को हथियान के लिए ऐसा किया जा रहा है, हम सरकार को ऐसा नहीं करने देंगे।' 'पहली सच्चाई यह है कि यह महिलाओं से जुड़ा बिल नहीं है। इसका महिलाओं के सशक्तिकरण से कोई लेना-देना नहीं है। यह भारत के चुनावी नक्शे को बदलने की एक कोशिश है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण और परिसीमन पर अपनी बात रखी।

## विपक्ष झुकने को तैयार नहीं

### अमित शाह ने अखिलेश यादव को दिया जवाब

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को जवाब देते हुए कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान धर्म-आधारित कोटे की अनुमति नहीं देता है और बहस के दौरान सरकार के रुख को दोहराया। इससे पहले अखिलेश यादव ने मांग की थी कि बिल पेश किए जाने से पहले जाति जनगणना कराई जाए। इस पर शाह ने कहा कि यह फैसला पहले ही लिया जा चुका है।

### 'आइए मिलकर रचते हैं इतिहास', सांसदों से बोले मोदी

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं सभी सांसदों से कहूंगा। आप अपने घर में मां-बहन-बेटी-पत्नी सबका स्मरण करते हुए अपनी अंतरात्मा को सुनिए। देश की नारीशक्ति की सेवा का, उनके वंदन का ये बहुत बड़ा अवसर है। उन्हें नए अवसरों से वंचित नहीं करिए। ये संशोधन सर्वसम्मति से पारित होगा, तो देश की नारीशक्ति और सशक्त होगी। देश का लोकतंत्र और सशक्त होगा। आइए हम मिलकर आज इतिहास रचें। भारत की नारी को देश की आधी आबादी को उसका हक दें।'

## हरिवंश तीसरी बार उपसभापति बनेः पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक घटना दर्ज हुई। पहली बार किसी मनोनीत सांसद को उपसभापति पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जिम्मेदारी हरिवंश नारायण सिंह को मिली है, जिन्हें हाल ही में द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरिवंश को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में तीसरी बार चुने जाने पर बधाई दी। बधाई संदेश में जेपी से लेकर चंद्रशेखर तक का जिक्र पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में आपातकाल जैसे निर्णयों का मुखर विरोध करने वाले बिहार के जननेता के तौर पर लोकप्रिय रहे जयप्रकाश नारायण (जेपी) का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने बतौर लेखकर हरिवंश के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

## शेयर बाजार में धीमी शुरुआत सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली बढ़त

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू होने की उम्मीदों तथा लेबनान-इजरायल के बीच 10 दिवसीय युद्धविराम लागू होने के चलते शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और विदेशी फंडों की वापसी ने बाजार की धारणा को मजबूत किया है। हालांकि घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सुस्त शुरुआत हुई है। सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ हरे निशान पर रेंगते रहे। वहीं एशियाई बाजारों और कच्चे तेल के भाव में नरमी है। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 177.52 अंक चढ़कर 78,166.20 पर पहुंच गया। निफ्टी 37.4 अंक बढ़कर 24,234.15 पर पहुंच गया।

## खेड़ा को बड़ी अदालत से नहीं मिली जमानत

● सीएम सरमा की पत्नी पर तीन पासपोर्ट रखने का आरोप लगाने का मामला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा को झटका लगा, जब सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दायर एक मामले में उनकी ट्रांजिट बेल की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया और उन्हें इस मामले पर फैसला लेने के लिए असम की अदालत में जाने को कहा। यह घटनाक्रम सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी उस अग्रिम ज़मानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है, जो उन्हें तेलंगाना हाई कोर्ट ने दी थी। यह आदेश दो जजों की बेंच ने दिया, जिसमें जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर शामिल थे। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया कि उसका 15 अप्रैल का आदेश उस अधिकार-क्षेत्र वाले कोर्ट पर कोई बुरा असर नहीं डालेगा, जो कांग्रेस नेता की अर्जी पर फैसला करेगा। कोर्ट ने कहा कि न तो सुप्रीम कोर्ट और न ही तेलंगाना हाई कोर्ट असम के उस कोर्ट के काम में दखल देगा, जो इस मामले की सुनवाई करेगा। कोर्ट ने आगे कहा, ऊपर कही गई बातों को देखते हुए, प्रतिवादी को उचित कोर्ट में जाने की पूरी आज़ादी है।

# लोहिया वाहिनी और भीम आर्मी में टकराव


● एसीपी का सिर फटा, दारोगा समेत दो पुलिसवाले घायल, कल भी हुई थी तकरार

## दोनों संगठनों की तरफ से चले ईंट-पत्थर



**वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट के चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया में आंबेडकर और केशरिया झंडा उतारने को लेकर दूसरे दिन भी बवाल हो गया। दोनों संगठनों के विवाद में जमकर पत्थरबाजी हुई। जिसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना का सिर फट गया। घटना के बाद घायल एसीपी सारनाथ को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पत्थरबाजी में एक दरोगा समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पथराव के बाद मौके पर पांच थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर गांव स्थित भैरव बटुक धाम जाने वाले गेट पर कुछ लोगों ने आंबेडकर का झंडा लगाया था। आरोप है कि बाद में कुछ अराजकतत्वों ने झंडे को फाड़कर जला दिया। इसकी सूचना मिलते ही भीम आर्मी के कार्यकर्ता आक्रोशित हो उठे और विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई, जब हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने से माहौल गरमा गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और स्थिति को नियंत्रण में लिया। इधर, शुक्रवार को फिर दोनों पक्ष आमने- सामने आ गए।

## झपकी की भेंट चढ़ गयी तीन जिन्दगी



**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे स्थित एबीईएस कॉलेज के एग्जिट प्वाइंट के बराबर में एनएच नौ पर थार कार खड़ी करके बाइक सवार से पता पूछ रहे तीन युवकों को सवारियों से भरी ट्रैवलर बस ने टक्कर मार दी। ट्रैवलर बस और थार के बीच कुचले गए तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह हादसा बस चालक को झपकी के आ जाने से घटित हुआ। सूचना पर पहुंची विजयनगर पुलिस ने ट्रैवलर बस चालक वीरेंद्र कुमार निवासी दिल्ली को हिरासत में लिया है। हादसा बस चालक को नींद की झपकी आने से बताया जा रहा है। जिसकी वजह से तीन दोस्तों की कुचलकर मौत हो गयी।

## संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई गई, भीड़ को खदेड़ा



**संभल।** संभल में में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। इसके बाद मशीनों ने खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर तैनात हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

## टीसीएस की निदा खान ने अग्रिम जमानत मांगी



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नाशिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के दफ्तर में हुए कथित धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न मामले में नया खुलासा हुआ है। इस प्रकरण के आरोपियों में शामिल निदा खान के परिवार ने दावा किया है कि वह इस समय मुंबई में है। परिवारवालों ने यह भी दावा किया है कि निदा खान गर्भवती है और अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही है। निदा खान ने नाशिक की एक स्थानीय अदालत में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी है। माना जा रहा है कि वह अपनी मेडिकल स्थिति को आधार बनाकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रही है। विशेष जांच दल (एसआईटी) निदा की तलाश में जुटा है और जल्द ही उसकी मेडिकल रिपोर्ट की जांच की जा सकती है।




# टीएमसी प्रत्याशी के ठिकानों पर धमकी आईटी की टीम

● पश्चिम बंगाल के सियासत में आया उबाल

**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव के शोर के बीच केंद्रीय जांच एजेंसियों की सक्रियता ने राज्य की राजनीति को गर्मा दिया है। पश्चिम बंगाल के चुनाव के चंद रोज पहले आज शुक्रवार को तड़के आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और निवर्तमान विधायक देवाशीष कुमार के आवास समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। इसके साथ ही उनके चुनाव कार्यालय और मोतीलाल नेहरू रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर भी दबिश दी गई। छापेमारी के वक्त देवाशीष कुमार अपने घर पर ही मौजूद थे। प्रत्याशी के ठिकानों पर छापेमारी से टीएमसी कार्यकर्ताओं में गहरा रोष देखा जा रहा है। टीएमसी इसे चुनावी प्रतिशोध और डरा देने वाली कार्रवाई बता रही है।

## बिहार के कई जेलों में एक साथ छापा

**पटना।** बिहार में नई सरकार बनते ही पुलिस टीम एक्शन में है। शुक्रवार अहले सुबह जिलाधिकारी के अगुवाई में बिहार पुलिस की टीम कई जिलों के जेल में छापेमारी करने पहुंचीं। गया, सीतामढ़ी, नालंदा, समस्तीपुर, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण समेत कई जेलो में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। एक-एक वार्ड की बारीकी से तलाशी ली गई। शौचालय तक की तलाशी ली लेकिन कोई खास चीजें हाथ नहीं लगी।

## पंजाब के मंत्री के घर ईडी की छापामारी

**लुधियाना।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा छापामारी किए जाने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम सुबह अचानक उनके घर पहुंची और दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई कथित वित्तीय अनियमितताओं और लेन-देन से जुड़े मामलों की जांच के तहत की जा रही है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर ईडी की ओर से अभी तक विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है।

## बच्ची से दरिंदगी मामले में थानेदार को 20 साल की कैद

**दौसा।** दौसा जिले की पॉक्सो कोर्ट ने चार वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में राजस्थान पुलिस के बर्खास्त सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जिसे पीड़िता को दिया जाएगा। साथ ही पीड़िता को तीन लाख रुपये प्रतिकर राशि देने की सिफारिश की गई है। जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2023 का यह मामला राहुवास थाना क्षेत्र से जुड़ा है। उस समय सब इंस्पेक्टर भूपेन्द्र सिंह यादव चुनाव ड्यूटी पर तैनात थे। उन्होंने चार वर्षीय बच्ची को टॉफी देने का लालच देकर अपने कमरे में बुलाया और फिर उससे दुष्कर्म किया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 41.7°C
● तापमान न्यूनतम : 26.6°C
● सूर्योदय : 05.35
● सूर्यास्त : 06.21
वाराणसी, 17 अप्रैल, शुक्रवार, 2026 (3)





# शराब ठेका खुलने का विरोध

## सड़क पर उतरीं महिलाएं, दिया धरना, लगाये नारे, बताया आस्था पर प्रहार

**● ठेके को हटाये जाने तक आंदोलन जारी रखने की धमकी**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आदमपुर थाना क्षेत्र के प्रह्लाद घाट पर शराब और बीयर का ठेका खुलने के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा असंतोष फैल गया है। जिस स्थान को अब तक धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में देखा जाता था, वहीं अब शराब की दुकान खुलने से लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। विरोध की यह चिंगारी धीरे-धीरे एक बड़े जनआंदोलन का रूप लेती दिख रही है, जिसमें आम नागरिकों के साथ-साथ महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी सामने आई है। स्थानीय लोगों ने शराब के ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इस विरोध में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति यह दर्शाती है कि मामला केवल असहमति तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा और सम्मान से भी जुड़ा हुआ है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे तब तक पीछे नहीं हटेंगे जब तक इस ठेके को हटाया नहीं जाता। स्थानीय नागरिक शिवकुमार गुप्ता ने इस मुद्दे को धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए गंभीर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर शराब का ठेका खोला गया है, वहीं हर वर्ष नवरात्रि के दौरान दुर्गा मूर्ति की स्थापना की जाती है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप शराब का ठेका खुलना न केवल अनुचित है, बल्कि यह सीधे-सीधे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। विवाद को और गहराता हुआ एक और आरोप सामने आया है। शिवकुमार गुप्ता का दावा है कि जिस भवन में यह ठेका संचालित हो रहा है, उसे हाल ही में वीडीए द्वारा अवैध निर्माण के चलते सीज किया गया था। इसके बावजूद उसी भवन में शराब का ठेका खुल जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह मामला केवल विरोध तक सीमित नहीं, बल्कि नियमों और कानून के उल्लंघन की ओर भी इशारा कर रहा है।

### बीएचयू के प्रोफेसर से धोखाधड़ी



**वाराणसी।** बीएचयू में आयुर्वेद संकाय के बालरोग विभाग के प्रोफेसर बृजमोहन सिंह के साथ साइबर ठगी हो गई। उनके मोबाइल फोन पर अज्ञात फोन नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को उनका मौसरा बहनोई सुभाष सिंह बताया। मेडिकल स्टोर से दवा लेने के लिए 35 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए बोला। कहा कि उसके फोन से पेमेंट नहीं हो पा रहा है। इस कारण अपने नंबर से भुगतान करने के लिए कहा। कहा कि वह उनके खाते में रुपये भेज देगा। प्रोफेसर को 35 हजार रुपये खाते में आने का फर्जी मैसेज मिला। इसके बाद वापस करने के नाम पर झांसे में आकर 30 हजार रुपये भेज दिए। बाद में खाता चेक करने पर ठगी का पता चला।

### विश्वनाथ मंदिर के लिए मैदागिन, बेनिया और कबीरचौरा से चलेगी गोल्फ कार्ट

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद वाराणसी में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। बाबा के भक्तों के लिए योगी सरकार नई पहल करने जा रही है। काशी पुराधिपति के दरबार तक जाने के लिए गोल्फ कार्ट का संचालन किया जाएगा। आम हो या खास, सभी इस गोल्फ कार्ट का इस्तेमाल कर बाबा के धाम पहुंच सकेंगे। राज नारायण पार्क (बेनियाबाग), मैदागिन समेत कई स्थानों से इस सेवा को शुरू करने की योजना अक्षय तृतीया के दिन से है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि मैदागिन, राज नारायण पार्क और कबीर चौरा से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर 4 तक इको-फ्रेंडली इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट की सुविधा शुरू की जा रही है। शुरू में करीब 25 गोल्फ कार्ट संचालित होंगे, बाद में इसकी संख्या बढ़ाई जा सकती है। इस सुविधा के लिए यात्रियों को निश्चित शुल्क देना होगा। यात्रियों की सुविधा और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।

### विश्वनाथ धाम में अक्षय तृतीया से लगेगी रजत जलधारी

**वाराणसी।** देवाधिदेव भगवान शिव की नगरी काशी में इस वर्ष भी सनातन परंपरा के अनुसार भव्य जलाभिषेक अनुष्ठान का शुभारंभ आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर होगा। यह अनुष्ठान विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रारंभ होकर श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, अर्थात रक्षाबंधन तक निरंतर चलेगा। मान्यता है कि जहाँ भगवान विष्णु को अलंकार प्रिय हैं, वहीं भगवान शिव को जल की धारा अत्यंत प्रिय है। इसी आस्था के तहत हर वर्ष काशी में यह विशेष परंपरा निभाई जाती है, जिसमें भगवान विश्वनाथ का अभिषेक जल की अनवरत धारा से किया जाता है। इस अवधि में प्रतिदिन प्रातः काल से सायंकाल तक फव्वारे के माध्यम से भगवान का सतत जलाभिषेक किया जाएगा।

### कोई साक्ष्य नहीं पेश कर पाई पुलिस दुष्कर्म के आरोपी को छुड़ा ले गए वकील

**● भाई को जान से मार देने की धमकी देकर किया था दुष्कर्म**



**वाराणसी।** वाराणसी जिला सत्र न्यायालय की एक कोर्ट को साक्ष्य के अभाव में दुष्कर्म के आरोपी को रिहा करना पड़ा। बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों के आगे पुलिस के साक्ष्य धराशायी हो गए। गिरफ्तारी और चार्जशीट के बावजूद पुलिस और पीड़िता आरोपी के खिलाफ कोई मजबूत और ठोस सबूत जज के सामने पेश नहीं कर पाए जिसकी वजह से मजबूरन भाई को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को रिहा करना पड़ा। कई तारीखों में गवाह, बयान, साक्ष्य और पुलिस रिपोर्ट देखने के बावजूद आरोपी को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट (द्वितीय) सुनील कुमार की अदालत ने बंजरवां, फूलपुर निवासी आरोपित अजय यादव को आरोप सिद्ध न होने पर संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया। उस पर युवती से दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर उसे वायरल करने और भाई को जान से मार देने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का आरोप था।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ब्रह्मनाथ शुक्ला सम्मानित



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के रेलवे सुरक्षा बल में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत ब्रह्मनाथ शुक्ला को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाप्रबन्धक आशुतोष पंत ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है। वहीं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त देवराज कुमार मौर्य ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे महकमों पर कार्रवाई जरूरी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर के सड़कों की बदहाल स्थिति, जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था, बिजली विभाग द्वारा किए जा रहे आर्थिक उत्पीड़न से छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारी त्रस्त हैं। सरकारी महकमों में खुले आम लूट-खसोट हो रही है। सड़क को खोदो और भूल जाओ की व्यवस्था प्रणाली इस लूट-खसोट को हवा दे रही है। शिकायत के बावजूद अधिकारी कान में तेल डाल कर बैठे हैं। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे अधिकारियों और कर्मचारियों का जनता की मूलभूत समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। उक्त बातें उद्योग व्यापार मंडल काशी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में मंडल के अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता ने कहीं। पत्रकारवार्ता के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पोस्टपेड मीटरों को हटाकर जबरदस्ती प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं पर थोपे जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर की रीडिंग और रफ्तार संदेहास्पद है। दोषपूर्ण रीडिंग और बिलिंग की शिकायत करने पर उपभोक्ताओं को धमकाया जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को चिह्नित कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: 07-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैः-
क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः गोरखपुर में:-(1)-प्र.मु.परि. प्रबन्धक कार्यालय के हाल में आपदा प्रबन्धन के समावेश हेतु प्र.मु.परि. प्रबन्धक कार्यालय के मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य। (2)-स.न.ई./उत्तर के कार्यक्षेत्र में नाला के मरम्मत का प्रस्ताव। (3)-गोल्फ कालोनी के नाली का निर्माण तथा नवीनीकरण का प्रस्ताव। अनुमानित लागत (रू.में.): ₹ 2,04,03,594.85, बयाने की राशि (रू.में.): ₹ 4,08,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.): ₹ 0.00, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समयः 08 माह। कुल योगः ₹ 2,04,03,594.85
(1) ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 08-05-2026 को 11:00 बजे। (2) ई-निविदा की बिडिंग तिथि 24-04-2026 से 08-05-2026 समय 10:59 बजे तक। (3) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। (4) यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/गो.क्षे., गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू-25

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### 'नई सुबह एक उम्मीद' के शिविर में नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण

**● मरीजों को समझाया जीवन में आंख का महत्व**




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगवा वार्ड स्थित रविदास मंदिर परिसर में 'नई सुबह एक उम्मीद' सामाजिक संस्था के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा अग्रवाल उपस्थित रहीं। शिविर का संचालन संस्था अध्यक्ष ममता ने किया। सीमा अग्रवाल ने जीवन में नेत्र के महत्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। साह हॉस्पिटल, रामकटोरा की मुहिम 'नेत्र सुरक्षा एवं नेत्रदान' के तहत वाराणसी आई बैंक सोसाइटी के सहयोग से डॉ. अजय मौर्या एवं उनकी टीम द्वारा क्षेत्रीय लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में लगभग 80 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के उपरांत लाभार्थियों को मौके पर ही चश्मे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के विजय कुमार, मोहम्मद अनीस, मंगेश्वर प्रसाद रवि कुमार, उषा, राजश्री साहनी, सुषमा कुमारी, सीमा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में मंजू, मिंता, अशोक कुमार, रमेश चंद्र, रीता, सुनीता, गीता, बबुनी, निर्मला, राजेश, राजकुमारी, पूनम, लक्ष्मीनी, शांति, मीरा सहित अन्य क्षेत्रीय महिला-पुरुषों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरित किया गया।

### छुट्टियों पर नहीं कटेगी बिजली

**वाराणसी।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर में कथित विसंगतियों से फैले भ्रम के बीच उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अब प्रत्येक रविवार, माह के द्वितीय शनिवार एवं राजपत्रित अवकाश के दिन बकाएदारों की बिजली नहीं कटेगी। उन्हें बकाया भुगतान करने के लिए तीन दिन का मौका मिलेगा। यह जानकारी नगरीय विद्युत वितरण मंडल प्रथम दिलीप कुमार और द्वितीय सचिन कुमार ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता में दी। सिगरा स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि बिल बकाया होने के बावजूद शाम छह बजे से अगले दिन सुबह आठ बजे तक विद्युत विच्छेदित (कटौती) नहीं किया जाएगा।



### विश्वनाथ धाम में नारी शक्ति का सम्मान

**● नारी शक्ति वंदन को बताया ऐतिहासिक कदम**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में मील का पत्थर साबित होने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पेश किए जाने के अवसर पर नमामि गंगे ने काशी विश्वनाथ धाम में प्रतिष्ठित भारत माता के सम्मुख नारी शक्ति की आरती उतार कर सम्मान किया। गंगा द्वार पर नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहीं प्रकृति की देवी मां गंगा की आरती उतारकर नारी शक्ति का आदर किया। सम्मान स्वरूप महिलाओं को अंगवस्त्रम और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत तुलसी के पौधे भेंट किए गए। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। आयोजन में प्रमुख रूप से महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा, पूजा मौर्या, साधना दीक्षित, स्वाति शर्मा, शोभा नागर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।




### डीपीएस इस बार फिर बना सिटी टॉपर

**● शुभांगी पाण्डेय ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया स्कूल का मान**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 में कुल 198 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, जिन्होंने 100 प्रतिशत का शानदार परिणाम हासिल किया। इस बैच ने 494 का प्रभावशाली उच्चतम स्कोर और 434.23 का औसत स्कोर दर्ज किया, जो पूरे समूह में लगातार शैक्षणिक उपलब्धि को उजागर करता है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, नासिक के छात्रों ने लगातार तीन वर्षों तक 'सिटी टॉपर' होने का गौरव हासिल किया है। यहां की शुभांगी पाण्डेय ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल को एक बार फिर टॉपर बनाने का श्रेय हासिल किया। स्कूल की अवनी हरिदास 98.8% अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनीं। सनाया तवारे ने 98.6% अंक हासिल किए। सिद्धार्थ मुल्लानी ने 98.4% अंक प्राप्त किए। राघव तालेकर ने 98.2% अंक हासिल किए। अजिंक्य पुरकर और सोनाक्षी सिंघल दोनों ने 98.0% के शानदार अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों ने उनके उज्जवल भष्यि की कामना की।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के नयी शाखा का उद्घाटन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बैंक ऑफ बड़ौदा मिर्जामुराद ने अपनी नयी शाखा का भगवती कॉम्पलेक्स, गौर, मिर्जामुराद मार्केट में अपना परिचालन शुरू कर दिया है। मिथलेश कुमार, अंचल प्रमुख एवं थानाध्यक्ष मिर्जामुराद प्रमोद कुमार ने फीता काटकर परिसर में नये शाखा का उद्घाटन किया। इस मौके पर गंगा सिंह उप-महाप्रबन्धक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, वाराणसी क्षेत्र, आनंद लखमानी सहायक प्रबन्धक उप क्षेत्रीय प्रबन्धक, वाराणसी क्षेत्र एवं शाखा प्रमुख अजीत कुमार सहित शाखा के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। यह शाखा वर्तमान में दस हजार से अधिक ग्राहकों को बैंकिंग सेवा प्रदान कर रही है। परिसर में बैंक की नयी शाखा देखकर ग्राहकों ने खुशी जाहिर की।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

# मीरजापुर समाचार

## सेमफोर्ड स्कूल की छात्रा कीर्ति पाण्डेय ने 96.2% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, आयुष मिश्रा ने 94.4% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान



**मीरजापुर।** सेमफोर्ड विद्यालय के बच्चों ने सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में अपना परचम लहराया है। विद्यालय के डायरेक्टर विवेक बरनवाल एवं शिप्रा बरनवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विगत 15 अप्रैल को जब सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो सेमफोर्ड स्कूल की छात्रा कीर्ति पाण्डेय ने 96.2% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, आयुष मिश्रा ने 94.4% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान, आयुष सेठ ने 93.8% अंकअर्जित कर तृतीय स्थान, आर्यन ने 92.6% अंक अर्जित कर चतुर्थ स्थान, आरव सोनकर ने 92.4% अंक अर्जित कर पंचम स्थान, दीपक यादव ने 92.2% अंक अर्जित कर षष्ठम स्थान, विवान यादव एवं शुभम गुप्ता ने 91.8% अंक प्राप्त कर सातवां स्थान, आर्यन सिंह ने 91.6% अंक अर्जित कर आठवां स्थान, हिमांशु मिश्रा एवं खुशी पाण्डेय ने 90.8% अंक अर्जित कर नौवां स्थान तथा प्रियांशी सिंह ने 90% अंक अर्जित किया। इसी प्रकार हिंदी में आर्या तिवारी, अंग्रेजी में आयुष सेठ, गणित में कीर्ति पाण्डेय विज्ञान में आयुष एवं कीर्ति, सामाजिक विषय में आयुष मिश्रा दीपक कम्प्यूटर में आर्यन ने सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित किया। इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार सिंह एवं नटवा शाखा की प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा तथा शिक्षक सन्तोष कुमार विश्वकर्मा, अनुज बरवाल अनिल कुमार शर्मिला सिंह सुमन, निधि मिश्रा आदि ने सभी बच्चों के स्वर्णिम सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# बलिया समाचार

## जिले के सात शिक्षक 19 अप्रैल को लखनऊ में होंगे सम्मानित

**बलिया।** राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में पांच या उससे अधिक छात्र चयन वाले विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। इसमें जिले के विभिन्न शिक्षा क्षेत्रों से सात शिक्षकों के नाम शामिल हैं। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सौजन्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश में मनोविज्ञान शाला, प्रयागराज एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज के माध्यम से संपन्न कराई जाती है। इसमें शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिभाग करते हैं। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को उनके कक्षा 9 से 12 में अध्ययन के लिए प्रति माह रुपए एक हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

# सुल्तानपुर समाचार

## हाईवे पर पिकअप से टकराकर बाइक सवार मजदूर की मौत

**भदैंया।** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर उतुरी गांव के पास बुधवार शाम अनियंत्रित पिकअप से टकराकर बाइक सवार अमेठी जिले के पीपरपुर के बीकापुर निवासी मजदूर सुरेश कुमार (55) की मौत हो गई। ऽ
वह पखरौली गांव से बाइक से अपने घर जाने के लिए अकेले ही निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। दुर्घटना बुधवार देर शाम सात बजे हुई। सुरेश बाइक से पयागीपुर की ओर से घर जा रहे थे। उतुरी गांव के पास उनकी बाइक से पीछे से जा रही अनियंत्रित पिकअप टकरा गई। दुर्घटना में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

### खंभे से टकराई बाइक, किराना व्यापारी की मौत

**गोसाईंगंज।** बहाउद्दीनपुर गांव के पास बुधवार रात बरात से लौटते समय बाइक सवार बल्दीराय के नरसिंहपुर निवासी किराना व्यापारी अंकित शर्मा (32) की बाइक बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। दुर्घटना में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, अंकित शर्मा बुधवार को अपने मामा गिरजा शंकर शर्मा के पुत्र हरिमंगल शर्मा की बरात में शामिल होने बहाउद्दीनपुर गांव गया था। वहां से वापसी में बहाउद्दीनपुर गांव स्थित एक धार्मिक स्थल के पास दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंकित ने हेलमेट नहीं पहना था। घटनास्थल पर पहुंचे अंकित के बड़े भाई जगमोहन शर्मा ने एंबुलेंस उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# देवरिया समाचार

**फंदे से लटका मिला युवक का शव**

**बरहज।** क्षेत्र के कोल्हुआं गांव में बृहस्पतिवार को 24 वर्षीय बीरभद्र पुत्र मेघनाथ शर्मा का शव कमरे में छत के कुंडे से गमछा के सहारे लटका मिला। बीरभद्र के मौत की जानकारी होने पर घर में रोना-पिटना मच गया। जबकि दरवाजे पर भीड़ जमा हो गई। लोगों के अनुसार बीरभद्र के कमरे में कोई सुगबुगाहट न होने पर परिवार के अंदर गए, जहां का नजारा देख लोग सकते में आ गए। युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पा रहा है।

### मोबाइल के विवाद में युवक को पीटा

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के काशीपुर गांव में मोबाइल के विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। घायल का इलाज सीएचसी में कराया गया। घटना में पुलिस ने पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की।

# मऊ समाचार

## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर दर्ज कराएं प्राथमिकी : डीएम

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने ड्रंकन ड्राइव (शराब पीकर वाहन चलाना) के मामलों में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए।
बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 में 24 ब्लैक स्पॉट चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा गत वर्ष की तुलना में मार्च माह में सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों में कमी दर्ज की गई है। मार्च 2025 में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं, जबकि मार्च 2026 में 27 दुर्घटनाएं हुईं, जो 6.8 प्रतिशत की कमी दर्शाता है।
इसी प्रकार मार्च 2025 में 19 लोगों की मृत्यु हुई थी, जबकि मार्च 2026 में 17 लोगों की मृत्यु हुई, जो 10.5 प्रतिशत की कमी है। कार्रवाई के तहत मार्च माह में ओवर स्पीडिंग में चार, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने में 211, बिना सीट बेल्ट के 42, रॉन्ग साइड में 18, ड्रंकन ड्राइव में चार, वाहन चलाते समय मोबाइल प्रयोग में 14 तथा ओवरलोडिंग में आठ वाहनों के खिलाफ चालान किए गए।
जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग और ओवर स्पीडिंग पर नियंत्रण रखने के साथ स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।बैठक में पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आजमगढ़ समाचार

## वृद्धावस्था पेंशन के लिए नया नियम लागू, आधार अब मान्य नहीं

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन ने आयु प्रमाण पत्र को लेकर अहम बदलाव किया है। नए आदेश के अनुसार अब आवेदकों के लिए आधार कार्ड को आयु प्रमाण के रूप में अमान्य कर दिया गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को अब आयु प्रमाण के रूप में केवल परिवार/कुटुंब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा ऐसा शैक्षिक प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसमें जन्मतिथि अंकित हो। इन दस्तावेजों के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक निर्धारित मान्य दस्तावेज अपलोड नहीं करता है, तो उसका आवेदन उप जिलाधिकारी या खंड विकास अधिकारी स्तर से वापस कर दिया जाएगा।

# प्रयागराज समाचार

## 'करना चाहती हूं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी', बेटी की इस मांग पर पिता ने कहा- गलत राह पर हो, कोर्ट पहुंची



**प्रयागराज।** मुरादाबाद की एक युवती ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा है कि मैं सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करना चाहती हूं। पिता ने इस मांग को खारिज कर दिया। इस पर युवती ने कोर्ट में गुहार लगाई। अब कोर्ट ने मुरादाबाद के एसएसपी को जांच का आदेश दिए गए हैं। सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट तलब की है। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने मुरादाबाद के एसएसपी को पिता-पुत्री के बीच उपजे विवाद की सच्चाई पता लगा कर सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। मामला छजलैट थाना क्षेत्र का है। पिता ने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। उधर बेटी, उसके साथ रह रही सहेली ने पिता और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ याचिका दाखिल कर कोर्ट से सुरक्षा की मांग की है। याची युवती का दावा है कि वह बालिग है। मुरादाबाद के पीतल नगरी में अपनी सहेली संग रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहती है। उसकी सहेली उसे आर्थिक सहायता मुहैया करा रही है। जब-कि, उसके पिता और अन्य रिश्तेदार इसका विरोध कर रहे है। वह पढ़ाई छुड़वा कर उसे घर ले जाना चाहते हैं।
याची के अधिवक्ता ठाकुर प्रसाद दुबे ने दलील दी कि बालिग बेटी को पढ़ाई करने, अपनी मर्जी से नौकरी की तैयारी करने से रोकना स्वतंत्रता के अधिकार का हनन है। वहीं, दूसरी तरफ पिता के अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने सनसनीखेज दावा किया। कहा कि बेटी सहेली के बहकावे में है। एक अप्रैल से गायब है। इसकी गुमशुदगी की एनसीआर थाने में दर्ज कराई गई है। पिता का आरोप है कि उसकी सहेली बेटी को गुमराह कर गलत कामों में धकेलने की कोशिश कर रही है। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए कोर्ट ने एसएसपी मुरादाबाद जांच का आदेश दिया है। कहा है कि मामले की जांच पुलिस उपाधीक्षक रैंक के अधिकारी से कराई जाए।

# गाजीपुर समाचार

## नौ ट्रांसफॉर्मर चोरी के मामले में एसडीओ और जेई निलंबित

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना क्षेत्र के वासदेवपुर व बेनखागर फीडर से नौ ट्रांसफॉर्मरों की चोरी के मामले में पारा एसडीओ प्रमोद कुमार और जेई राजीव कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। जेई नीरज खरवार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए चार्जशीट लगाई गई है। ये कार्रवाई एमडी कार्यालय स्तर से हुई है।
इस मामले में 12 अप्रैल को लाइनमैन शिव कुमार राम और रमेश राम को बर्खास्त किया जा चुका है। विद्युत वितरण खंड जंगीपुर के नोनहरा थाना क्षेत्र के वासदेवपुर व बेनखागर फीडर से नौ ट्रांसफॉर्मरों की चोरी के मामले में 10 अप्रैल को पारा के एसडीओ प्रमोद कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई थी। पुलिस ने लाइनमैन शिव कुमार राम व रमेश राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इससे पहले नौ ट्रांसफॉर्मरों के चोरी के प्रकरण में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई थी।

# जौनपुर समाचार

## काशी विद्यापीठ' में सेमेस्टर परीक्षा शुरू, 22 मई तक चलेंगे पेपर

**जौनपुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापी' के मुख्य परिसर के साथ ही इससे सबद्ध महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू हुईं। इसमें वाराणसी, चंदौली समेत पांच जिलों में 30 हजार से ज्यादा विद्यार्थी परीक्षा देंगे। समय से परिणाम जारी करने के उद्देश्य से जैसे-जैसे परीक्षा खत्म होती जाएगी, मूल्यांकन के लिए जिलेवार बने संकलन केंद्रों से कॉपियां विवि में लाई जाएंगी। विश्वविद्यालयों कॉलेजों में समय से प्रवेश, परीक्षा परिणाम और हॉस्टल आवंटन आदि की प्रक्रिया को पूरी कराने का निर्देश पिछले सप्ताह ही राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को दिया था। इधर विवि में जहां नए सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया शुरू हो गई हैं। वहीं, विवि के मुख्य परिसर, गंगापुर और एनटीपीसी के साथ ही संबद्ध वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, भदोही, मिर्जापुर के कॉलेजों में परीक्षा का पूरा टाइम टेबल जारी कर दिया गया है।
परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा की ओर से जारी समयसारिणी में बीए, बीएससी, बीकॉम के मुख्य परिसर, गंगापुर और एनटीपीसी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की छे' सेमेस्टर की परीक्षा 17 अप्रैल से 22 मई तक चलेगी। सुबह 10 से 12 बजे तक होने वाली परीक्षा के लिए कॉपियां जिलेवार बनाए गए नोडल केंद्र पर पहले ही पहुंच गई थी।
अब लिखी हुई कॉपियों को संकलन केंद्र में रखा जाएगा। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि चौथे, छे' सेमेस्टर की परीक्षाएं तय समय-सारिणी के अनुसार सुबह 10 से 12 और दोपहर 2 से 4 बजे तक कराई जा रही हैं।

# चंदौली समाचार

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**चंदौली।** डेढ़ावल चौकी के समीप सकलडीहा-कमालपुर मार्ग पर उकनी विरमराय गांव के मोड़ के पास बृहस्पतिवार को बस और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने राहगीरों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान वाराणसी के मडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा स्थित महेशपुर निवासी साजन बिंद (35) के रूप में हुई है। वह एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में चालक के पद पर कार्यरत था और अपने ससुराल कमालपुर जा रहा था। उकनी विरमराय गांव के मोड़ पर पीछे से आ रही बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

# भदोही समाचार

## पुलिसकर्मियों ने किसान की फसल आग से बचाई:एसपी भदोही ने टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने एक किसान की फसल को आग से बचाने वाली पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिया गया। यह घटना 11 अप्रैल को थाना ज्ञानपुर क्षेत्र के लखनो तिराहा पर हुई थी। यातायात चेकिंग के दौरान लोक गायक राजेश परदेशी के खेत में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही यातायात पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाला। पुलिस टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस त्वरित कार्रवाई से लाखों रुपये की गेहूं की फसल सुरक्षित बचा ली गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने इस मानवीय कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि संकट के समय नागरिकों की मदद करना पुलिस का परम धर्म है और इस टीम ने अपनी सक्रियता से जनसेवा की एक नई मिसाल पेश की है। सम्मानित की गई पुलिस टीम में निरीक्षक राकेश कुमार सिंह (प्रभारी यातायात), मुख्य आरक्षी विशाल सिंह, मुख्य आरक्षी देवचंद्र, मुख्य आरक्षी विजय कुमार गुप्ता और चालक ललित मोहन यादव शामिल थे।

### हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** पुलिस ने पुश्तैनी जमीन विवाद में हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थाना चौरी क्षेत्र से हुई हैं। यह मामला 11 अप्रैल का है, जब आवेदिका रीता देवी अपने पुत्र अनुराग के साथ ग्राम भकोड़ा स्थित अपनी निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल पर सुबह करीब 10 बजे पानी का छिड़काव कर रही थीं। इसी दौरान उनके पाटीदार सुग्रीव दूबे, शिवम दूबे, सुभम दूबे और लक्ष्मी देवी ने मिलकर उन पर और उनके बेटे पर लाठी व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से गाली-गलौज की। हमले में बेटे अनुराग का पर्स, जिसमें लगभग 9000 रुपये, घड़ी और मोबाइल थे, छीन लिया गया।

# सोनभद्र समाचार

## ब्रेकर पर बाइक उछलने से सड़क पर गिरे युवक की मौत



**दुद्धी।** स्थानीय कस्बा के रामनगर में रेलवे गेट संख्या 63 के पास ब्रेकर पर बाइक उछलने से सड़क पर गिरे सवार उमाशंकर (45) की मौत हो गई। वह एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहा था। पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है। डूमरडीहा निवासी उमाशंकर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बघाडू गया था। वहां से देर रात लौटते समय रामनगर स्थित रेलवे गेट के पास तेज गति के चलते बाइक ब्रेकर पर उछल गई। इससे असंतुलित होकर सवार उमाशंकर सड़क पर गिर गया। हादसे में उमाशंकर के सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के ग्रामीणों ने युवक को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
ग्रामीण ओमप्रकाश कुशवाहा, मन्ना, सोनू ने बताया कि उमाशंकर का बड़ पुत्र दीपक चोपन में काम करता है, जबकि दूसरा बेटा रोहित पुणे में काम करता है। तीसरी लड़की ज्योति व छोटा लड़का अंकुश घर पर रहते हैं। कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# गोरखपुर समाचार

## सहयोगी ने प्रिंटिंग प्रेस संचालिका की हत्याःदुकान बंद कर भागा, सड़ गई थी लाश, आरोपी गिरफ्तार


गंगोत्री यादव, मृतक

**गोरखपुर।** कैंट इलाके के जिला पंचायत रोड पर स्थित दुकान में संचालिका गंगोत्री यादव की हत्या उसके ही सहयोगी अनिल गुप्ता ने गला दबाकर की थी। जांच में पता चला है कि गंगोत्री जमीन खरीदने के लिए चार लाख रुपये रखी थी, जिसकी जानकारी अनिल को भी थी। उस रुपयों को लेकर दोनों के बीच रविवार को विवाद हो गया और फिर गंगोत्री ने गुस्से में आकर अनिल को थप्पड़ मार दिया था। इससे नाराज अनिल ने गंगोत्री को धक्का देकर गिर दिया। इसके बाद गला दबाकर जान से मार दिया। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने बस्ती जिले के हरैया टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी अनिल गुप्ता कोतवाली थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, पिछले पांच वर्ष से अनिल व गंगोत्री साथ में काम कर रहे थे। संचालिका गंगोत्री से अनिल के करीबी रिश्ते भी हो गए थे, इस वजह से वह हर एक बात जानता था। कर्ज लेकर दुकान किराये पर लेने वाली गंगोत्री ने कर्ज भरने के साथ ही जमीन खरीदने के लिए रुपये एकत्र करने लगी थी। उसके पास चार लाख रुपये भी थे। इसकी जानकारी अनिल को हो गई थी। अनिल लगातार गंगोत्री पर रुपये व्यापार में लगाने का झांसा दे रहा था, लेकिन गंगोत्री इनकार कर रही थी। इस बात पर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार को एक बार फिर इसी बात पर विवाद हुआ और गंगोत्री ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद अनिल ने गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद अनिल घर गया और कपड़ा बदलकर बिना किसी को कुछ बताए ही दिल्ली चला गया। इधर, परिजन गंगोत्री की तलाश में दुकान पर पहुंचे और दुर्गंध आने पर बुधवार को पुलिस को सूचना दिए थे। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम भेजा और जांच शुरू करते ही पहला संदेह सहयोगी अनिल पर ही गया, लेकिन उसका मोबाइल बंद था। पुलिस ने लोकेशन लिया और एक टीम दिल्ली रवाना हो गई। उधर, अनिल दिल्ली से बस पकड़कर निकल लिया था, जिसका पीछा करते हुए दूसरी टीम ने हरैया टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# लाइफ मंत्र

## 30 अप्रैल या 1 मई? तारीख को लेकर न हों परेशान, जानें भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव का महामुहूर्त और सटीक पूजा विधि



हिंदू धर्म और बौद्ध अनुयायियों के लिए वैशाख पूर्णिमा का दिन अत्यंत पावन माना जाता है। इसी दिन सत्य, अहिंसा और शांति के अग्रदूत भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। इस वर्ष 2026 में बुद्ध पूर्णिमा की सही तारीख को लेकर श्रद्धालुओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि यह पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाए या 1 मई को। क्यों है तारीखों का भ्रम? पंचांग के अनुसार, इस वर्ष वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि का आरंभ 30 अप्रैल 2026 को रात 09 बजकर 12 मिनट पर होगा। वहीं, इस तिथि का समापन 1 मई 2026 को रात 10 बजकर 52 मिनट पर होगा। चूंकि सनातन धर्म में उदयातिथि का विशेष महत्व है, इसलिए बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व 1 मई 2026, शुक्रवार को ही मनाया जाएगा।

**महामुहूर्त की पूरी जानकारी (1 मई 2026):** पूजा-पाठ और स्नान-दान के लिए निम्नलिखित मुहूर्त श्रेष्ठ रहेंगे।

**ब्रह्म मुहूर्तः** सुबह 04:15 से 04:58 तक

**अभिजित मुहूर्तः** सुबह 11:52 से दोपहर 12:45 तक

**विजय मुहूर्तः** दोपहर 02:31 से 03:24 तक

**अमृत कालः** शाम 06:56 से रात 08:41 तक

**बुद्ध पूर्णिमा पूजा विधि**

इस दिन घर में बुद्ध देव की मूर्ति स्थापित करें। साथ ही भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करें। अब शंख में केसर मिलाकर श्रीहरि का अभिषेक करें और पीले रंग के वस्त्र दान करें। तुलसी जी के साथ भगवान बुद्ध को मिष्ठान का भोग लगाएं। फिर भगवान विष्णु की पूजा करें और उनके मंत्रों का जाप करें। अंत में सूरज ढलने के बाद उगते चंद्रमा को जल अर्पित करें।

**बुद्ध पूर्णिमा विशेष पूजाः** बुद्ध जयंती के दिन पूरे संसार के बौद्ध मठों में भगवान बुद्ध के उपदेशों और प्रार्थनाओं की गूंज सुनाई देती है। भगवान बुद्ध से संबंधित सभी बौद्ध स्थलों पर बौद्ध भिक्षु इकट्ठे होकर उनकी शिक्षाओं को याद करते हैं। इस दिन श्रद्धालु भगवान बुद्ध की प्रतिमा की फूलों, फलों व अगरबत्ती द्वारा पूजा-अर्चना करते हैं व प्रसाद चढ़ाकर वितरित भी किया जाता है।

## बिठूर में इतिहास और अध्यात्म का संगम, ये 5 Places जरूर घूमें



अगर आप भी कानपुर के आसपास घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आपको बिठूर की इन जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको बिठूर के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी कानपुर के आसपास किसी शांत और ऐतिहासिक जगह पर घूमना चाहते हैं। तो बिठूर एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। गंगा नदी के किनारे पर बसा यह एक छोटा सा कस्बा ऐतिहासिक घटनाओं, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर कई ऐसे घाट, मंदिर और ऐतिहासिक स्थल हैं, जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वीकेंड ट्रिप या एक दिन की यात्रा के लिए यह जगह एकदम परफेक्ट है। ऐसे में अगर आप भी कानपुर के आसपास घूमने की योजना बना रहे हैं, तो आपको बिठूर की इन जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बिठूर के सबसे फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**ब्रह्मावर्त घाट**

ब्रह्मावर्त घाट बिठूर का सबसे फेमस और पवित्र घाट माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के लिए यज्ञ किया था। जिस कारण इसको ब्रह्मावर्त घाट कहा जाता है। यहां से गंगा नदी का दृश्य बेहद सुंदर दिखता है। आप यहां पर सुबह और शाम की आरती में भी शामिल हो सकते हैं। यहां का वातावरण बेहद शांत और आध्यात्मिक है। सूर्यास्त के समय यहां का नजारा बेहद खूबसूरत लगता है।

**ध्रुव टीला**

यह जगह ध्रुव जी की तपस्या से जुड़ी मानी जाती है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक यहां पर ध्रुव ने भगवान विष्णु की कठोर तपस्या की थी। जिसके बाद उनको आकाश में ध्रुव तारा बनने का आशीर्वाद मिला था। यहां की ऊंचाई से दिखने वाले दृश्य मनमोहक हैं और वातावरण शांत है।

**वाल्मीकि आश्रम**

यह जगह महर्षि वाल्मीकि से जुड़ी है। धार्मिक मान्यता है कि यहां पर मां सीता ने अपने पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था। इस कारण से यह जगह रामायण से जुड़ी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थली मानी जाती है। यहां आप वाल्मीकि मंदिर और आश्रम परिसर देख सकती हैं।

**नाना राव पार्क मेमोरियल**

यह जगह साल 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी है। यहां पर नाना साहेब पेशवा से संबंधित स्मारक और ऐतिहासिक स्थल मौजूद हैं। अगर आप इतिहास में रुचि रखते हैं, तो यह जगह आपके लिए है। इस पार्क के अंदर संग्रहालय भी बना है।

**पत्थर घाट**

पत्थर घाट बिठूर का एक सुंदर और ऐतिहासिक घाट है। इसका निर्माण पत्थरों से किया गया है। इसलिए इसको पत्थर घाट कहते हैं। इसकी खासियत है कि यहां की वास्तुकला बेहद आकर्षक है। यह जगह फोटोग्राफी के लिए परफेक्ट है। गंगा नदी का शांत वातावरण भी देखने को मिलेगा।

**यात्रा और परिवहन**

**घूमने का अच्छा समय**

अक्तूबर से मार्च तक का समय बिठूर घूमने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इस दौरान मौसम बेहद सुहावना रहता है और गंगा किनारे घूमने का अनुभव भी काफी शानदार रहता है।



## Confirmed Tatkal Ticket पर भी मिलेगा 100% Refund, बस याद रखें रेलवे के ये तीन जरूरी Rules

**भारतीय रेलवे के नियमों के अनुसार, यात्री द्वारा कन्फर्म तत्काल टिकट कैंसिल करने पर कोई रिफंड नहीं मिलता है। हालांकि, यदि टिकट वेटिंग या RAC में है अथवा ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट है, तो कुछ कटौतियों के साथ पैसा वापस मिल सकता है।**

भारतीय रेलवे के नियमों के अनुसार, यात्री द्वारा कन्फर्म तत्काल टिकट कैंसिल करने पर कोई रिफंड नहीं मिलता है। हालांकि, यदि टिकट वेटिंग या RAC में है अथवा ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट है, तो कुछ कटौतियों के साथ पैसा वापस मिल सकता है। भारत में बड़ी संख्या में लोग एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करने के लिए भारतीय रेलवे का सहारा लेते हैं। इसकी सबसे प्रमुख वजह यह है कि कम खर्च में यात्रियों को लंबी दूरी तय करने की सुविधा आसानी से मिल जाती है। ट्रेन में सफर करने का मजा भी अलग होता है। अगर आपकी ट्रेन की टिकट कंफर्म तो यह मजा किरकिरा हो जाता है। जब हमारे पास कंफर्म टिकट नहीं होती है, तो यात्रियों के पास तत्काल टिकट बुक कराने का ऑप्शन होता है। अगर यही तत्काल टिकट को कैंसिल करना पड़ जाए, किसी कारणवश बुकी की गई तत्काल टिकट को कैंसिल करना पड जाए, तो क्या कैंसिल करने पर रिफंड दिया जाएगा। कई लोगों के मन में यह सवाल जरुर आता है क्योंकि तत्काल टिकट ज्यादा पैसे देकर बुक की जाती है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि तत्काल टिकट कैंसिल करने पर क्या करें।

**तत्काल टिकट कैंसिल करने पर क्या होगा?**

तत्काल टिकट का रिफंड स्थिति इस बात पर निर्भर करता है। तत्काल टिकट ट्रेन चलने से एक दिन पहले बुक की जाती है, इसलिए इससे आप समझ सकते हैं कि इस पर रेलवे के नियम लागू नहीं होते हैं, जो अन्य टिकट पर है। इस टिकट को आप अचानक से बुक कराते हैं, यदि आप इसे कैंसिल करेंगे, तो इसके लिए आपको कोई रिफंड नहीं मिलने वाला है। यदि आपकी तत्काल टिकट RAC में है या वेटिंग में है,तो कटौती करने पर आपको रिफंड मिल जाएगा।


**तत्काल टिकट कैंसिल करने पर रिफंड मिलेगा या नहीं?**

इस बात को यात्री समझे कि, यदि रेलवे द्वारा टिकट कैंसिल या ट्रेन के समय में बदलाव किया जाता है, तो इसके लिए यात्रियों को वापस रिफंड जरुर मिलता है। उदाहरण के तौर पर आपकी ट्रेन 3 घंटे से ज्यादा लेट है, तो इसके लिए आपको कैंसिल रिफंड मिल जाएगा। अगर आपकी टिकट वेटिंग या RAC में हो, तो इसके कैंसिल करने पर रिफंड मिल सकता है। अगर रेलवे में आपकी टिकट को कैंसिल की है, तो आपको रिफंड मिल जाएगा।

**तत्काल टिकट के पैसे कब रिफंड नहीं होते?**

जब आप टिकट कंफर्म होने के बाद भी आप इसे कैंसिल कर रहे हैं, तो रेलवे की तरफ से ट्रेन के समय में कोई बदलाव न हो, तो ऐसी स्थिति में यात्री को कोई पैसे वापस नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त, यदि यात्री चार्ट बनने के बाद कन्फर्म टिकट को कैंसिल कर देता है, तो इसके लिए भी रिफंड नहीं दिया जाता है।

## बाबा बर्फानी का बुलावा! Amarnath Yatra 2026 के लिए Online Registration शुरू, फौरन करें अप्लाई



अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गए हैं, जो 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी। श्रद्धालु श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन या नामित बैंकों में ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए वैध स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य है। भारत में घूमने के लिए कई लोकप्रिय जगहें है। जिन लोगों घूमने का काफी शौक होता है वे लोग कहीं न कहीं ट्रिप जरुर जाते हैं। किसी को पहाड़ पसंद होता है, तो किसी को समंदर किनारे यात्रा करना बेहद पसंद होता है। लेकिन ऐसे कई लोग है जो धार्मिक यात्रा पर जरुर जाते हैं।

हमारे देश में हर साल कई तरह की धार्मिक यात्राएं शुरु होती है, जैसे कि चारधाम यात्रा और अमरनाथ यात्रा। चारधाम में गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन किए जाते हैं और अमरनाथ में बाबा बर्फानी यानी महादेव के दर्शन किए जाते हैं। अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरु हो चुके है। आपको बता दें कि, इस यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कराना बेहद जरुरी होता है। अगर इस साल आप भी अमरनाथ यात्रा पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आज ही जान लें कि घर बैठे कैसे रजिस्ट्रेशन करें।

इस बार Amarnath Yatra 2026 की शुरुआत 3 जुलाई 2026 से हो रही है और ये 28 अगस्त 2026 तक चलेगी। यानी के करीब दो महीने तक भक्त जन बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकते हैं। हर साल लाखों श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा का हिस्सा बनते है और भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हैं।

**रजिस्ट्रेशन कब से शुरू हो रहा है?**

अमरनाथ यात्रा 2026 के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत 15 अप्रैल 2026 से शुरु हो गई है। अगर आप अमरनाथ यात्रा पर जाना चाहते हैं, तो देर बिल्कुल भी न करें, जल्द से जल्द आवेदन करें। क्योंकि सीटें हमेशा लिमिटेड होती हैं।

**घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?**

अब आपके मन में भी यही सवाल आ रहा है कि घर बैठे यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कैसे करें। आप टेंशन न लें, हम आपको बताएंगे कैसे आप रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। सबसे पहले आपको hri Amarnath Shrine Board की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद इन स्टेप्स को फॉलो करें-

- सबसे पहले आप वेबसाइट ओपन करें।
- रजिस्ट्रेशन फॉर्म डाउनलोड करें या फिर भर दें।
- इस फॉर्म में अपनी सही जानकारी दर्ज करें (जैसे कि नाम, उम्र, ID)
- यात्रा की तारीख और रुट का चयन करें।
- इसके बाद जरुरी दस्तावेज अपलोड करें।
- सबमिट करने के बाद आपका परमिट जारी कर दिया जाएगा।

**ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कैसे करें?**

यदि आप ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करना चाहते हैं, तो आप ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए पूरे भारत में लगभग 550 से ज्यादा बैंक ब्रांच में ये सुविधा मौजूद है। जैसे कि- एसबीआई, पंजाब नेशनल बैंक, ICICI Bank, एक्सिस Bank और भे Bank इन बैंकों में जाकर आप फॉर्म भर के रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

**यात्रा के लिए सबसे जरुरी बातें**

- आपकी आयु 13 से 70 साल के बीच में होनी चाहिए।
- आपके पास वैलिड हेल्थ सर्टिफिकेट होना जरुरी है।
- मेडिकल सर्टिफिकेट अप्रैल 2026 में ही जारी हुआ होना चाहिए।

**रजिस्ट्रेशन के जरूरी स्टेप्स**

- सबसे पहले आप CHC (Compulsory Health Certificate) बनवाएं।
- एकदम सही जानकारी को भरना है।
- वैलिड आईडी जमा करें।
- अपनी यात्रा की तारीख पहले से चयन कर लें।
- परमिट मिलना जरुरी है, तभी यात्रा करना संभव होगा।

**इन नियमों को जान लें**

- अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन हमेशा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होता है
- यात्रा की तारीख से करीब 7 दिन पहले स्लॉट बंद हो जाते हैं

**इस बार क्या फायदे मिलेंगे**

- सभी यात्रियों के लिए RFID ट्रैकिंग कार्ड दिया जाएगा।
- आपको 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मिलेगा।
- ठहरने की बेहतर सुविधाएं भी होंगी।
- खच्चर, पालकी और कुली के लिए प्री-पेड बुकिंग सिस्टम रहेगा।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682